**हिमाचल प्रदेश में गाड़ियों की मरम्मत**

१४०५. **श्री पद्म देव**: क्या **परिवहन तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) १९५९-६० में हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग की कर्मशाला में कितनी गाड़ियों की मरम्मत की गयी ;

(ख) हिमाचल प्रदेश से बाहर कितनी गाड़ियों की मरम्मत कराई गयी; और

(ग) मरम्मत पर कितनी लागत आई ?

**परिवहन तथा संचार मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री राज बहादुर)** : (क) वर्कशाप में ४२८ गाड़ियों की १००३४ अवसरों पर मरम्मत की गयी ।

(ख) इस समय ऐसी गाड़ियों की संख्या उपलब्ध नहीं है । २३८ अवसरों पर गाड़ियों की मरम्मत हिमाचल प्रदेश से बाहर की गयी, लेकिन अधिकांश अवसरों पर इन्हीं गाड़ियों की दुबारा मरम्मत की गयी । इनमें शिमला से बाहर स्थित दफ्तरों की गाड़ियां शामिल नहीं हैं ।

(ग) २५,५०९ रुपये ६१ नये पैसे । इसमें हिमाचल प्रदेश प्रशासन के उन दफ्तरों की गाड़ियों के मरम्मत का खर्च शामिल नहीं है जो शिमला से बाहर काम कर रहे हैं ।

**बालावाली स्टेशन पर रेल दुर्घटनायें**

१४०६. **स्वामी रामानन्द शास्त्री** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मई, १९५९ से लेकर अब तक उत्तर रेलवे के बालावाली स्टेशन पर रेल दुर्घटनाओं से कितनी मृत्यु हुई ।

(ख) ऐसी दुर्घटनाओं की रोक-थाम के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है; और

(ग) क्या सरकार का वहां एक छोटा पुल बनाने का विचार है ?

**रेलवे उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी)** (क) एक ।

(ख) चूंकि यह एक अकेली घटना थी जिसमें अनधिकृत रूप से स्टेशन में आया हुआ एक व्यक्ति चलती गाड़ी के नीचे से पटरी पार करने की कोशिश में गाड़ी से कट गया, इसलिये इस सम्बन्ध में कोई खास कार्यवाई करने की जरूरत नहीं समझी जाती ।

(ग) जी नहीं ।

**Post Offices in Punjab**

1408. **Shri Ram Garib**: Will the Minister of **Transport and Communications** be pleased to state:

(a) how many branch and sub-post offices have been opened in Punjab in 1958-59 district-wise;

(b) whether it is a fact that in many of such post offices adequate furniture has not been supplied;

(c) if so, the steps being taken by Government to equip those post offices and by which date the work will be completed; and

(d) whether it is also a fact that in many of these post offices only Sub-Post Masters are working and no clerks have been appointed?

**The Minister of Transport and Communications (Dr. P. Subbarayan)**: (a) A statement is laid on the Table of the Lok Sabha. [*See* Appendix II. annexure No. 101].

(b) No; only in a few extra departmental branch offices adequate furniture could not be supplied so far.

(c) Necessary action has already been initiated to supply the same in the beginning of the next financial year.

(d) Yes, as there is no justification according to the work load for the appointment of clerks in addition in such offices.